# कार्यालय कलेक्टर, जिला रीवा, म.प्र.

क्रमांक/ 450/तीन/स्था/2025 रीवा, दिनांक 20.06.2025

प्रति,

सचिव,
मध्य प्रदेश शासन,
सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल।

**विषय :- नियत वेतन पर 40 वर्ष की आयु या उससे अधिक आयु पर अनुकम्पा नियुक्ति के आधार पर बगैर हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण सहायक ग्रेड-3 को मुद्रलेखन परीक्षा से छूट प्रदान करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने बावत।**

---000---

उपरोक्त विषयान्तर्गत स्व. श्री विकास द्विवेदी, सहायक ग्रेड-3, कार्यालय कलेक्टर रीवा की पत्नी श्रीमती वन्दना द्विवेदी की अनुकम्पा के आधार पर कार्यालयीन आदेश दिनांक 09/03/2017 के द्वारा वेतनमान 5200-20200+1900 ग्रेड पे पर दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि के साथ नियुक्ति तिथि से तीन वर्ष के अन्दर हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा कम्प्यूटर संचालन ज्ञान की शर्त पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की गई थी।

**02.** श्रीमती द्विवेदी, सहायक ग्रेड-3 की अनुकम्पा नियुक्ति के समय शैक्षणिक अभिलेखों के अनुसार जन्मतिथि 01/07/1973 के अनुसार आयु 40 वर्ष से अधिक थी। श्रीमती द्विवेदी, सहायक ग्रेड-3 की परिवीक्षा अवधि समाप्त करने की कार्यवाही प्रचलन में है, परन्तु श्रीमती द्विवेदी के द्वारा हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण करने तथा कम्प्यूटर संचालन ज्ञान से संबंधित कोई प्रमाणित दस्तावेज कार्यालय को प्रस्तुत नहीं किया गया है।

अतएव उक्त प्रकरण में नियत वेतन पर 40 वर्ष की आयु या उससे अधिक आयु पर अनुकम्पा नियुक्ति के आधार पर बगैर हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण सहायक ग्रेड-3 को हिन्दी मुद्रलेखन परीक्षा से छूट प्रदान करने के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करने का अनुरोध है।

Digitally signed by
Pratibha Pal
Date: 20-06-2025
17:06:26

( प्रतिभा पाल )
कलेक्टर,
जिला रीवा (म.प्र.)